www.a2zpapers.com

Class – B.A.-III
Subject – Hindi
Paper– Text

Time Allowed : 3 Hours | Maximum Marks : 100

1. तकनीकी शब्दावली से सम्बद्ध प्रश्नों के उत्तर दें।

क) अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद करें। 1 × 20 = 20

1. Bonafide
2. Council
3. Decentralisation
4. Emolument
5. Ledger
6. Faculty
7. Superior
8. Type writing
9. Bilingual
10. Proceedings.

ख) हिन्दी से अंग्रेज़ी में अनुवाद करें।

1. जमानत
2. उन्मूलन
3. छात्रावास
4. संरक्षण
5. सभा भवन
6. क्षेत्रीय
7. रिक्तता

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

8. अनुदान

9. एकाधिकार

10. संकाय

अथवा (इतिहास)

नोट :- निम्नलिखित सभी प्रश्नों के उत्तर पाँच पंक्तियों में दें। $2 \times 10 = 20$

1. रीतिकाल को शृंगार काल किसने कहा और क्यों?
2. रीतिकाव्य की विशेषताएं लिखें।
3. घनानन्द की प्रमुख रचनाएं लिखें।
4. लक्षण ग्रंथों से क्या अभिप्राय है ?
5. रीतिकाल की समय-सीमा लिखें।
6. रीतिकाल का वर्गीकरण करें।
7. भारतेन्दु युग की विशेषताएँ लिखें।
8. छायावाद की परिभाषा लिखें।
9. आधुनिक काल को गद्यकाल क्यों कहते हैं?
10. नई कहानी की परिभाषा लिखें।

द्वितीय खण्ड

नोट :- इस खण्ड के प्रत्येक भाग में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें :-

भाग-क

नोट :- निम्नलिखित प्रथम तीन प्रश्नों के गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें।

1. मानव-चरित्र में जो कुछ भी सुन्दर और मानवोचित तत्व है, उसी के उद्घाटन की दृष्टि से मैं अपनी कथावस्तु का निर्माण करता हूँ। यह कार्य अत्यन्त रहस्यमय है क्योंकि कभी इसकी प्रेरणा मुझे किसी व्यक्ति से

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

मिलती है, कभी किसी घटना से और कभी किसी स्वप्न से। लेकिन मैं अपनी कहानी का आधार मनोविज्ञान ही रखता हूँ। मित्रों के सुझावों से लाभ उठाने के लिए मैं सदा तैयार रहता हूँ।

2. यह तो स्वयंसिद्ध बात है कि दुनिया में दु:ख सुख की अपेक्षा अधिक हैं, अर्थात् रोदन हास्य से अधिक है। अब सारी दुनिया के रोदन को बराबर-बराबर बाँट दीजिए और हंसी को भी बराबर-बराबर बाँट दीजिए। स्पष्ट है कि सबको रोदन हास्य से ज्यादा मिलेगा। अब रोदन में से हास्य घटा दीजिए। कुछ रोदन ही बचा रहेगा। इसका मतलब यह हुआ कि जो कुछ मिलेगा, उससे फूट-फूटकर तो रोया नहीं जा सकता, पर चेहरा जरूर रूँआसा बना रहेगा। यह युक्ति मुझे तो ठीक जँचती है।

3. अगर नयेपन का मतलब है अनुभव की ताज़गी और जीवन की किसी अछूती सच्चाई की तलाश में कामयाबी पाने की धुन, तो मैं हर सूरत में नयेपन का कायल हूँ।

4. 'अमेरिका का जन-जीवन और भारतीय समवाय' नामक यात्रावृत्त का सार लिखें।

5. 'प्रेमचन्द : एक चित्र' देवेन्द सत्यार्थी द्वारा रचित रेखाचित्र की रेखाचित्र के तत्वों के आधार पर समीक्षा करें।

6. संसार चंद्र द्वारा रचित 'जी चाहता है : आत्महत्या कर लूँ' व्यंग्य में लेखक ने किस विषय पर चर्चा की है और क्यूँ?

खण्ड-ख

7. हज़ारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा रचित ललित निबंध 'आपने मेरी रचना पढ़ी?' में लेखक ने किस बिन्दु की ओर संकेत किया है?

8. उपेन्द्रनाथ अश्क द्वारा रचित रिपोर्ताज 'है कुछ ऐसी बात जो चुप हूँ.....' में लेखक ने क्या कहना चाहा है और क्यूँ?

9. रीतिकालीन साहित्य का परिचय दें।

10. रीतिबद्ध काव्य की विशेषताएं लिखें।

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com

11. रीतिसिद्ध काव्य का वर्णन करें।

12. रीतिमुक्त काव्यधारा के प्रवर्त्तक कवि कौन हैं? उनके काव्य की विशेषताएँ लिखें। $8 \times 6 = 48$

भाग-ग

नोट : कोई दो प्रश्न करें। उत्तर पाँच पृष्ठों में दें।

1. 'सर पर कफन लपेटे कातिल को ढूँढते हैं' संस्मरण की समीक्षा करें।

अथवा

2. राजेन्द्र प्रसाद द्वारा रचित आत्मकथा 'अहिंसा का तत्व' का सार लिखें।

3. रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखें।

अथवा

4. रीतिकाल का प्रवर्त्तक केशव अथवा चिन्तामणी? $2 \times 16 = 32$

*****

www.a2zpapers.com

www.a2zpapers.com